तेरे सलकनपुर स्थान दुर्गा महारानी भजन लिरिक्स

तेरे सलकनपुर स्थान,
दुर्गा महारानी।bd।

मैया विजयासन है भोली,
मैया भरती सबकी झोली,
निर्धन को करे धनवान,
दुर्गा महारानी।bd।

मैया पलना कोई चढ़ाये,
मैया ललना कोई खिलाये,
मुह मांगा मिले वरदान,
दुर्गा महारानी।bd।

मैया शरण तुम्हारी आऊँ,
पूड़ी हलवा भोग लगाऊं,
करो कृपा दया निधान,
दुर्गा महारानी।bd।

मैया ज्योत जले दिन राती,
मैया सोये भाग जगाती,
तेरी महिमा बड़ी महान,
दुर्गा महारानी।bd।

मैया 'पदम्' तेरे जस गाये,
मैया बिगड़े काज बनाये,
तेरे सेवक है नादान,
दुर्गा महारानी।bd।

तेरे सलकनपुर स्थान,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लेखक / प्रेषक – डालचन्द कुशवाह “पदम्”भोपाल।
9827624524

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com